हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 6 मई 2024

तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

11 भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से लोग हैं परेशान, तापमान 42 डिग्री पर



12 डीएमएफ मद से स्टेडियम में लाखों खर्च कर लगाई हाईमास्ट लाइट, नहीं मिल रहा लाभ





## खबर संक्षेप

### सिकाड़ा कीट के आवाज की गूंज जंगलों में



**मैनपुर।** इन दिनों गर्मी प्रारंभ होते ही मैनपुर क्षेत्र के घने जंगल रास्ते में कही भी जाओ एक सीटी की तरह आवाज गूंज रही है जिसे सिकाडा कीट कहा जाता है यह आवाज एक खास किस्म के कीड़ा का निकलता है। जिसका नाम सिकाडा है और यह साल के वृक्षो में ज्यादा पाया जाता है। मैनपुर क्षेत्र के घने जंगलो में गर्मी के इन दिनों में सिकाडा कीट की आवाज सुनाई दे रही है स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार हर वर्ष गर्मी के दिनों में अप्रैल, मई और जून में यह कीट जंगलो में अत्यधिक मात्र में पाया जाता है और यह कीट की आवाज सीटी की तरह निकलती है। 24 घंटा यह आवाज सुनाई देती है यह कीट झुंड में रहती है बहरहाल इन दिनों क्षेत्र के जंगल सिकाडा की आवाज से गूंज उठा है।

### हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की शासकीय अस्पताल बागबाहरा में इलाज के दौरान मौत हो गई। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि योगेश्वर भारद्वाज पिता विमल भारद्वाज (24) निवासी मनबाय रोड एक्सीडेंट केचलते घायल हो गया था। जिसे अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

### खेत में मिला शव

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम बानीगिरोला में लोकेश्वर नायक के खेत से करीब 40 साल के अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पुलिस मामले में मर्ग कायम किया है।

# एसडीएम ने सरपंच व सचिव को बुलवाकर नगर की जेसीबी से करवाई सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

खबर का असर

मैनपुर में बुनियादी सुविधाओं का अभाव अधिकारियों से मांगकर थके नगरवासी अब कलेक्टर से लगाई गुहार हेडलाईन से 30 अप्रैल को हमारे हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया गया था जिसके बाद जिला प्रशासन ने इस खबर को संज्ञान में लिया। रविवार सुबह 08 बजे ही मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने अचानक मैनपुर नगर का पैदल निरीक्षण किया और सरपंच सचिव को बुलवाकर जेसीबी मंगवाकर तत्काल अपने सामने ही साफ -सफाई कार्य प्रारंभ करवाया और पूरे नगर में जहां भी गंदगी, कचरा फैला हुआ है उसे एकत्र कर बाहर फेकवाने का निर्देश दिया तथा सभी नालियों की साफ -सफाई करवाने को कहा। इस दौरान एसडीएम ने मैनपुर तालाब कें संबध में जानकारी लिया तथा मैनपुरवासियों को हो रही निस्तारी जल समस्या को देखते हुए तत्काल मोटर पम्प को चालू करवाने का निर्देश दिया है, मैनपुर ग्राम पंचायत के सचिव पर नराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मैनपुर नगर के लोगो को कोई परेशानी न हो पूरे जिम्मेदारी के साथ कार्य करें नही तो कार्यवाही करने की बात कही है।

## तालाब को पानी से भरने के लिए तत्काल मोटर पंप चालू करने के दिए निर्देश




### मुक्तिधाम को तत्काल प्रारंभ करवाने का दिया है निर्देश

मैनपुर एसडीएम डॉक्टर तुलसीदास मरकाम ने मैनपुर के बदहाल स्थिति को पैदल निरीक्षण कर जायजा लिया और सचिव से जानकारी लिया कि मुक्तिधाम की क्या स्थिति है। सचिव ने बताया कि मुक्तिधाम पूरी तरह जर्जर हो चुका है और नया मुक्तिधाम निर्माण के लिए 6 लाख रूपये राशि स्वीकृत हुआ है। जिस पर एसडीएम ने तत्काल मुक्तिधाम निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया है, और मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने कहा है, साथ ही मैनपुर नगर में भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों और आने -जाने वाले लोगों के लिए ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने अस्थाई प्याऊ खोलने का निर्देश दिया है, एसडीएम ने एक सप्ताह के भीतर साफ- सफाई के साथ मोटर पम्प प्रारंभ करने एंव मुक्तिधाम का निर्माण कार्य प्रारंभ करने के साथ नगर के लोगों को मुलभुत सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, अन्यथा कार्यवाही करने की बात कही है।

## सावधानी: वनविभाग ने हाथी विचरण करने वाले गांवों में न जाने कराई मुनादी


# गनियारी के जंगल में पहुंचा दंतैल आसपास के क्षेत्र में फैली दहशत

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

पांडुका क्षेत्र से फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के गनियारी जंगल में बांध के पास दंतैल हाथी ने डेरा जमाया है। दंतैल के क्षेत्र में होने से आसपास के ग्रामों में दहशत है। वन विभाग ने लोगों को सावधान करने मुनादी कराई है। अमला हाथी की निगरानी भी कर रहा है। दल से बिछुड़ने के बाद दंतैल कई लोगों की जान ले चुका है।

- दल से बिछुड़ने के बाद कई लोगों की जान ले चुका है हाथी

वनविभाग के डिप्टी रेंजर मनीष वर्मा ने बताया कि नगरी क्षेत्र से एक शख्स की जान लेकर गरियांबद में प्रवेश करने वाला हाथी पांडुका के बाद अब फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र की सीमा में घुसकर ग्राम गनियारी के जंगल मे अपना डेरा जमाया है। बताया जाता है कि उक्त दंतैल हाथी बहुत खतरनाक है। दर्जनों लोगों को मारने वाला दंतैल महासमुद,गरियाबंद एवं धमतरी जिला में उत्पात मचाते आ रहा है। फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र में आने के बाद यह रात तक ग्राम खुरसा,सरकड़ा बोरिद होते हुए महासमुंद वन परिक्षेत्र में जाने की संभावना वन विभाग कर रहा है। यदि यू टर्न हुआ तो यह लालपुर होते हुए धान मंडी के रास्ते फिंगेश्वर पहुंच सकता है। यह गनियारी मार्ग से एक बार होते फिंगेश्वर बस्ती में घुस आया था और नदी के रास्ते होकर महासमुंद जिले के जंगल में चला गया था।





### अकेले होने पर हुआ खुंखार

हाथी को लेकर बताया जाता है कि यह दंतैल पहले 21 हाथियों के झुंड में था। झुंड के नियमों की अनदेखी करने के कारण हाथी दल नायक ने अपने दो दंतैल साथियों को बाहर का रास्ता दिखाया और इन्हें छोड़कर चले गये। उसके बाद दोनों दंतैल हाथी साथ- साथ विचरण करने लगे और खतरनाक होते गये। जहां भी जाते दोनों साथ रहते थे, फिर एक दंतैन हाथी की भी इससे दूरी हो गई। अकेले होने पर हाथी और भी खतरनाक हो गया।

### कई लोगों की ले चुका है जान

दंतैल जहां भी जाता वहां पर एक मानव हत्या करता गया। पूर्व में फिंगेश्वर के कुंडेल मे धान खरीदी केन्द्र में चौकीदारी करने वाले एक युवक को रात के अंधेंरे में मार दिया था। इसी प्रकार ग्राम बोरिद में सुबह- सुबह शौच के लिए गई एक बुजुर्ग महिला की पटक पटकर जान ले ली। इसी प्रकार छुरा क्षेत्र सहित महासमुंद क्षेत्र में भी लोगों को मारा। धमतरी जिले में मगरलोड ब्लाक में भी एक युवक को मार डाला। इस प्रकार इस हत्यारे दंतैल हाथी का आतंक इतना बढ़ गया है लोग उनके आने की खबर से ही दहशत में हैं।

### ग्रामीणों को कर रहे सावधानः वन विभाग

दंतैल हाथी के विचरण को लेकर वनविभाग के हाथी मित्र दल,गजराज दल एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निगरानी में लगे हैं।विभाग वनपरिक्षेत्र अधिकारी तरूण तिवारी ने हाथी विचरण क्षेत्र के जंगलों में लोगों को अकेले जाने से मना करते हुए सतर्क किया है।विचरण करने वाला क्षेत्र खुरसा, परसदाकला, गनियारी, बोरिद, गुंडरदेही,बनगंवा,बम्हन देवी आदि ग्रामों के जंगल क्षेत्र हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।

# फांसी में लटकी प्रेमी युगल की लाश 21 दिन बाद उतारी



**मैनपुर।** ओडिशा के जंगलों में बीते 21 दिनों से एक ही फंदे पर लटकी प्रेमी युगल की लाश को आखिरकार पुलिस ने नीचे उतारा। प्रेमी युगल की पहचान होने के बाद भी ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच सीमा विवाद की वजह से पेड़ पर लटकी हुई थी। आखिरकार आज मृतक के परिजनों के साथ देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई की, बता दें कि गरियाबंद के देवभोग थाना क्षेत्र के कुम्हडी कलागांव से बीते 14 अप्रैल से लापता प्रेमी युगल का शव ओडिशा के जंगलों में एक ही फंदे पर लटका मिला। फैले बदबू से 1 मई को ही बॉडी होने की भनक लग चुकी थी। पहले 3 मई को देवभोग पुलिस डेड बॉडी लेने गई, लेकिन गूगल मेप के लोकेशन ओडिशा में नजर आने पर आगे की कार्रवाई नहीं की। देवभोग पुलिस ने इसके बाद ओडिशा के चंदाहांडी पुलिस को सूचना दी। चंदाहांडी पुलिस 4 मई को मृतक के परिजनों को लेकर मौके पर भी पहुंची, लेकिन घटनास्थल को अपनी सीमा के भीतर नहीं बताकर पल्ला झाड़ लिया था, जिसके बाद आज देवभोग पुलिस दोबारा डेड बॉडी को लेने के लिए मृतक के परिजनों के साथ मौके के लिए निकली थी।



# कुडेरादादर के सप्ताहिक बाजार में पेड़ गिरा, मासूम सहित 3 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

कुडेरादादर में हर रविवार को सप्ताहिक बाजार लगता है। वहीं रविवार को बाजार लग हुआ था। इसी समय बाजार के समीप बीजा का पेड़ गिरने से 8-9 वर्ष के बच्चे के सिर में गंभीर चोट लग हुआ है।

- पेड़ में 3 मोटर साइकिल और हेडपंप दबा

साथ ही साथ दो- तीन लोगों भी घायल हुए हैं। बताया गया है कि पेड़ गिरने से 3 मोटर साइकिल और हेडपंप पेड़ दब गया है। गांवों वाले ने बताया कि अगले दिन इसी पेड़ के टाहनी गिरने से गांव के तीन ग्रामीण घायल हो गए। जिन्हे रायपुर रिफर किया गया है। वैसी घटनाए बाजार के दिन भी हुआ है। घायलों का ईलाज छुरा हास्पिटल में जारी है। गांव वाले कोई अनहोनी की आशंकाएं व्यक्त कर रहे हैं।

# नवनिर्मित पानी टंकी से गिरे युवक की हालत गंभीर, इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में नल-जल योजना के अंतर्गत चल रहे नवनिर्मित पानी टंकी का निर्माण हो रहा है। इसी कड़ी में ग्राम रसेला में भी पानी टंकी का निर्माण का कार्य दो वर्षो से चल रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ठेकेदार द्वारा पानी टंकी का निर्माण चल रहा है।

ठेकेदार द्वारा यहां काम करने हेतु बाहर से मजदूर लाकर काम किया जा रहा है। वहीं 2 मई को दिन में काम चल रहा था, तो लगभग 5:30 बजे अभिषेक नाम का युवक उम्र लगभग 18 19 वर्ष जो बिहार के सहरशा जिले के सिहोर गांव का रहने वाला बताया गया है। जो पानी टंकी को ऊपर में नट बोल्ट टाइट करते वक्त टकी से नीचे गिर गया जिसे युवक के सिर और गर्दन में गंभीर चोट पहुंची है।

इसे देखते हुए छुरा अस्पताल ले जाया गया जहां रायपुर रिफर कर दिया गया। रायपुर के हास्पिटल में उनका इलाज चल रहा है बताया गया कि सिर का



आपरेशन किया गया और गर्दन फैक्चर हो गया है डॉ के अनुसार 24 से 48 घण्टो में होश आने की उम्मीद जताई गई है। इस घटना की सूचना के बाद उनके परिजन बिहार से श्री संकल्प हास्पिटल रायपुर पहुंच गए हैं।

# परसदा के 46 परिवारों ने किया भाजपा प्रवेश



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू लगातार विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता एवं लोगों से संपर्क कर भाजपा के जीत के लिए समर्थन मांग रहे हैं।

इसी तारतम्य में 5 मई को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊपरवारा में ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने वरिष्ठ नेता रतिराम साहू के प्रयास एवं टीकू यादव व रमेश वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति एवं विधायक इंद्र कुमार के कार्य शैली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लिया. इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि हमें देश के उज्जवल भविष्य के लिए विकसित, विकासशील और समृद्ध भारत निर्माण के लिए पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए हमें रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में मतदान करना भी है और लोगों को प्रोत्साहित कर मतदान करवाना भी है। भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लेने वालों में घनश्याम यादव, होरी लाल यादव, चंद्रहास यादव, लक्ष्मण यादव, विशाल यादव कोमल यादव, डेरहू यादव, लक्ष्मण यादव, नंदू यादव, दिनेश यादव,इतवारी यादव, भरोसा यादव सहित ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया।

## शहर के ग्राम भिलाई में स्थित वृद्धाश्रम में रह रही थी महिला

# महिला की मृत्यु पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

वृद्धा आश्रम में एक अरसे से रह रही एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। वृद्ध महिला मीरा साहू के निधन पर जब कोई उनके अपने नहीं आए तो सामाजिक कार्यकर्ताओं ने निभाया बेटा होने का कर्तव्य निर्वाह कर दाह संस्कार किया। शहर के भिलाई ग्राम स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे एक बुजुर्ग महिला की मौत के बाद भी कोई उनकी खबर लेने भी नहीं पहुंचा।

- बुजुर्ग महिला की मौत के बाद भी कोई उनकी खबर लेने भी नहीं पहुंचा

इस बात की सूचना नगर के सामाजिक कार्यकर्ता तक पहुंचा तो वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों और शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं भावेश सिन्हा, प्रकाश सोनी, आकाश तिवारी, खीरसिंह यादव, नवीन सिन्हा, आयुष सोनी, कोमल साहू आश्रम के परिवार कर्मचारी एवं ग्रामवासी ने साथ मिलकर मृत महिला का अंतिम संस्कार किया। जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों से बुजुर्ग मीरा साहू की तबियत खराब चल रही थी जिसके बाद रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। प्रकाश सोनी ने सभी को कहा कि बुजुर्ग महिला जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं वो वृद्ध आश्रम में रहा करती थी उनके अंतिम संस्कार पर हम सबको परिवार समझ कर चलना है और पूरे रीतिरिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार करना है और सभी मित्रों और ग्रामवासी के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया प्रकाश ने नगरवासियों से एक अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को अपने जीवन संगिनी और पूरे परिवार को ज़रूर एक बार वृद्ध आश्रम लाए यहाँ उनका जन्मदिन मनाए सालगिरह इनके साथ मानए ये आपसे कुछ नहीं चाहते।



### मां-बाप हमारे लिए महत्वपूर्ण

आपको आशीर्वाद ज़रूर मिलेगा। ऐसा करने से मन को अच्छा लगता है, ये सिर्फ़ एक वृद्ध आश्रम नहीं पूरी ज़िंदगी की पाठशाला है। यहां हमें आकर महसूस होता है हमारे माँ -बाप हमारे लिए कितने महत्वपूर्ण है जब एक पिता अपने बच्चे के पहले कदम चलने पर अपनी उँगलियों का सहारा देता है वहीं बेटा अपने माँ -बाप के अंतिम कदम पर क्यों साथ नहीं देता आज एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई उनके परिजन नहीं मिले। हम सबने मिलकर उनका अंतिम संस्कार किया है। पर ये समाज के लिए जानना ज़रूरी है। अपने माता- पिता की महत्व हमारी ज़िंदगी में क्या है।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब परिवहन करते दो कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** अवैध रूप से शराब परिवहन करते दो कोचियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को 3 मई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम समोदा बस स्टैंड तिराहा के पास बाइक सवार दो व्यक्ति शराब का परिवहन कर ले जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जहां बाइक सवार करण बंजारे एवं ब्रह्मानंद अठावले निवासी ग्राम कुरुद को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 48 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कीमत 6240 रुपए है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### श्लोक बने महासचिव



**रायपुर।** कैलाशपुरी स्थित समाज कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में शनिवार को बैठक हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से शहर के युवा समाजसेवी श्लोक शर्मा को सर्व ब्राह्मण युवा मंच का शहर महासचिव नियुक्त किया गया। इसी दौरान समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने श्री शर्मा को नियुक्ति पत्र प्रदान कर बधाई दी। यह जानकारी समाज के जिला महासचिव धनंजय शर्मा ने देते हुए बताया कि बैठक में मनीष मिश्रा, सुमित शर्मा, मुकेश मिश्रा, अक्षय शर्मा सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### पिस्टल से गोली चलाने वाला दमाद गिरफ्तार



**रायपुर/भिलाई।** भिलाई में परिवारिक विवाद के चलते दमाद ने बीते दिनों अपने ही ससुर को पिस्टल से गोली मारकर फरार हो गया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर और सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि ससुर ओमप्रकाश को दामाद ने अपने साथी के साथ मिलकर पिस्टल से फायरिंग कर दिया था। घटना में ससुर को ऑख में टांके भी लगे ते। दमाद चन्द्रभूषण सिंह को ग्राम-मुरमुंदा स्थित फार्म हाउस से गिरफ्तार किया है। सूचना पर सुपेला टीआई राजेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी दमाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि ससुर पर गोली चला कर फरार होना स्वीकार किया। पिस्टल को प्रियदर्शनी परिसर सुपेला रेलवे लाइन के पास छिपाकर रखना स्वीकार किया।

### माइक्रो आब्जर्वरों को बारीकी से समझाया गया चुनाव कार्य

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव कराने के लिए माइक्रो आब्जर्वरों को शनिवार को अंतिम बार प्रशिक्षण दिया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक रोहनचंद ठाकुर ने आब्जर्वरों को चुनाव कार्यों का बारीकी से प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में उन आब्जर्वरों को विशेष रूप से फोकस दिया, जो ऑनलाइन टेस्ट परीक्षा में फेल हुए थे। प्रेक्षक ने आब्जर्वरों को स्पष्ट कहा कि अगर चुनाव कार्य में कहीं समस्या आ रही है, तो वे मोबाइल पर उनसे संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तीन चरणों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। पहले दो चरण में दिए गए प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों का ऑनलाइन टेस्ट परीक्षा ली गई थी।

# नए सर्वर से जुड़ेगा आरक्षण केंद्र, काउंटर टिकट बुकिंग में तकनीकी दिक्कत होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

राजधानी के रेलवे आरक्षण केंद्र में लगभग 35 साल के बाद बुकिंग सिस्टम में बदलाव होने जा रहा है। वर्तमान में रेलवे कर्मचारी जिस कंप्यूटर सिस्टम से यात्रियों का टिकट बुक करते हैं, उसमें माउस का उपयोग नहीं किया जाता, केवल की-बोर्ड की मदद से टिकट बुक करते हैं। यह शुरुआत से चला आ रहा है। अब रेलवे बोर्ड इस सिस्टम में बदलाव करने जा रहा है, जिसमें रेलवे कर्मचारी टिकट बुकिंग के लिए की-बोर्ड के साथ माउस का भी उपयोग करते नजर आएंगे। इसके साथ रेलवे बोर्ड द्वारा अब नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कराया जा रहा है, जिसका ट्रायल शुरू कराया गया है।

बुकिंग क्लर्कों की ट्रेनिंग भी दिल्ली में कराई जा रही है। इस नए पीआरएस सिस्टम को वेबसाइट की तर्ज पर तैयार कराया गया है, जिसमें टिकट आरक्षित करने की प्रक्रिया में तेजी आएगी। सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम क्रिस द्वारा तैयार किए गए नए सिस्टम में आरक्षण से लेकर टिकट रद्द करने, टिकट में बदलाव करने के अलग-अलग विकल्प मौजूद रहेंगे। इस नए सिस्टम को आगामी अगस्त से लागू करने की तैयारी की जा रही है।

## आरक्षण केंद्र में की-बोर्ड के साथ अब माउस का भी होगा इस्तेमाल

### सीधे दिल्ली से रहेगा कनेक्शन

इस नए सिस्टम का कनेक्शन सीधे दिल्ली स्थित क्रिस के सर्वर से रहेगा। अभी जो कंप्यूटर लगे हुए हैं, उनका कनेक्शन रेलवे के सिग्नलिंग एंड टेलीकम्यूनिकेशन, एसएंडटी विभाग में लगे सर्वर से रहता है। कई बार जब इस सर्वर में खराबी आ जाती है, तो स्थानीय स्तर पर आरक्षण का काम ठप हो जाता है। यह नया सिस्टम सीधे दिल्ली से जुड़ा होगा। ऐसे में स्थानीय स्तर पर कोई तकनीकी खराबी के कारण काम बाधित नहीं होगा। दिल्ली में यदि सर्वर में कोई समस्या होती है, तभी आरक्षण का काम रुकेगा।




**नए सिस्टम से होगा काम**

रेलवे अब आरक्षण कार्य के लिए नेक्स्ट जनरेशन पीआरएस सिस्टम तैयार कर रहा है। सर्वर बढ़ाया जा रहा है। नए सर्वर से काम में तेजी आएगी और यात्रियों को भी इसका लाभ होगा। - *विकास कश्यप, सीपीआरओ, दपूमरे*

### काउंटरों से न लौटें इसलिए नया सिस्टम

नया सिस्टम लाने के पीछे मुख्य कारण यह भी है, रेलवे नहीं चाहता कि काउंटर से बिना टिकट खरीदे यात्री लौटें। कई बार इंटरनेट की गति धीमी होने की स्थिति में टिकट बुकिंग में दिक्कत आती है। इसीलिए कई यात्री आरक्षण केंद्र टिकट खरीदने पहुंचते हैं। रेलवे का प्रयास था कि टिकट बुकिंग को पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया जाए, ताकि लोग घर बैठे ही टिकट बुकिंग कर सकें। आईआरसीटीसी के मोबाइल एप और वेबसाइट के जरिए इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली है।

## नगर निगम ने केंद्र को भेजा प्रस्ताव

# कचरे से बनेगी बिजली, आठ मेगावाट का प्लांट डालने रामकी कंपनी तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रायपुर के साथ भिलाई, दुर्ग, रिसाली से निकलने वाले कचरे की होगी खपत

शहर से निकलने वाले 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट और भिलाई, दुर्ग, रिसाली से निकलने वाले सूखे कचरे को इकट्ठा कर इससे बिजली बनाई जायेगी। इसके लिए निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी तैयार है। 8 मेगावाट के बिजली प्लांट लगाने नगर निगम ने केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है। चुनाव के बाद केन्द्र सरकार से इसकी मंजूरी मिलते ही प्रोजेक्ट पर काम शुरू होगा।

दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद जैसे मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी रायपुर में अब कचरे से बिजली बनाने की तैयारी है। इसके लिए 8 मेगावाट का बिजली प्लांट संकरी में लगाया जायेगा। रामकी कंपनी इस प्रोजेक्ट में 350 करोड़ रुपए प्लांट लगाने के लिए निवेश करेगी। पावर प्लांट को नियमित रूप से संचालित करने रोजाना 800 मीट्रिक ट्रन सूखा कचरा की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में रायपुर नगर निगम के 70 वार्डों से निकलने वाले 550 मीट्रिक टन कूड़ा करकट के साथ दुर्ग, भिलाई और रिसाली से कचरा कलेक्ट कर प्लांट संचालित किया जायेग। सिटी एच 2 के इस प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने पर रायपुर नगर निगम को केन्द्र सरकार से 60 करोड़ रुपये का ग्रांट मिलेगा। इस राशि का उपयोग नगर निगम संबंधित प्रोजेक्ट में करेगा।



### रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

शहर से निकलने वाले कचरे से बिजली बनाने की योजना में रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम होगा। निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी प्रोजेक्ट में 8 मेगावाट का पावर प्लांट लगाने 350 करोड़ रुपए खर्च करेगी। कचरे से बनने वाली बिजली को पावर ग्रिड में डाला जायेगा। इस बिजली को बेचने से जो आमदनी होगी, उसमें रामकी कंपनी, नगर निगम और राज्य शासन को भी एक निश्चित राशि अनुबंध के हिसाब से मिलेगी।

### हैदराबाद में 24 मेगावाट का प्लांट, दिल्ली में भी कचरे से बना रहे बिजली

रामकी कंपनी के सिटी हेड योगेश कुमार ने हरिभूमि से चर्चा में बताया, हैदराबाद में सूखे कचरे से बिजली बनाने 24 मेगावाट का प्लांट लगाया गया है। इसी तरह दिल्ली में कचरे से बिजली बनाई जा रही है, वहां भी रामकी ने 24 मेगावाट का बिजली प्लांट लगाया है। मुंबई महानगर पालिका निगम क्षेत्र में भी 100 मेगावाट का प्लांट लगाकर कचरे से बिजली बनाने का काम सफलता पूर्वक हो रहा है। अब रायपुर में 8 मेगावाट का प्लांट लगाने प्रस्ताव बनाकर केन्द्र शासन के पास भेजा गया है। प्लान एप्रूव होते ही रायपुर से लगे दूसरे नगर निगमों से कचरा खरीदने चर्चा कर करेंगे।

**प्रपोजल भेजा है, चुनाव के बाद मिल सकती है मंजूरी**

सिटी एच 2 का प्रपोजल हमने केन्द्र सरकार को जनवरी 2024 में ही सबमिट कर दिया है, लोकसभा चुनाव के बाद प्रपोजल के मंजूरी की उम्मीद है।

*- योगेश कडू, सहायक नोडल अधिकारी, स्वच्छ भारत मिशन रायपुर*

# वैक्सीन साइड इफेक्ट के हल्ला से पैनिक चेस्ट पेन, ईसीजी करवाने मच रही होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- विशेषज्ञ कह चुके घबराने की नहीं है जरूरत, लोग मान नहीं रहे

कोरोना वैक्सीन की वजह से हार्ट अटैक अथवा ब्रेन हेमरेज का हल्ला मचने के बाद लोगों के सीने में जबरिया दर्द उठने लगा है। खुद को असहज महसूस करने का हवाला देकर डाक्टरों से ईसीजी करवाने वालों की होड़ लग गई है। ओपीडी के साथ ऑन कॉल सलाह लेकर लोग अपनी जांच करवा रहे हैं।

कोविशिल्ड प्रकरण में देश के साथ प्रदेश के विशेषज्ञ भी यह स्वीकार चुके हैं, घटना काफी दुर्लभ थी और इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। राज्य में इस कंपनी के करीब चार करोड़ टीके लगाए थे, मगर चिंता करने जैसी एक भी शिकायत यहां सामने नहीं है। इसके बाद भी लोगों की घबराहट कम होने का नाम नहीं ले रही है। पिछले एक सप्ताह से सीने में दर्द अथवा घबराहट की शिकायत लेकर निजी अस्पतालों के ओपीडी में काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। चिकित्सक इसे सामान्य वजह बता रहे हैं, इसके बाद भी लोग ईसीजी जांच कराने के लिए आतुर होते जा रहे हैं। सड्डू में क्लीनिक चलाने वाले एक डाक्टर ने बताया कि रोजाना ओपीडी में चार से पांच मरीज दर्द अथवा चक्कर आने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं और किसी तरह की बड़ी बीमारी के डर से ईसीजी अथवा अन्य टेस्ट करवाने की सलाह मांग रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी के साथ ऑन कॉल भी लोग ईसीजी टेस्ट की अनुशंसा करने का दबाव बना रहे हैं।



### निजी अस्पतालों में भीड़

सरकारी अस्पतालों में इसका असर कम देखने को मिल रहा है, मगर निजी अस्पतालों में जाकर ईसीजी करवाने वालों की संख्या बीस से तीस प्रतिशत तक बढ़ गई है। टेस्ट के दौरान रिपोर्ट नार्मल आने पर लोग सहजता महसूस कर रहे हैं। पिछले दिनों ब्रिटेन में लगाई गई याचिका के दौरान वैक्सीन कंपनी द्वारा साइड इफेक्ट पर सहमति देने के बाद हड़कंप मच गया था।

### कोई दिक्कत नहीं

वैक्सीन के साइड इफेक्ट को लेकर चर्चा के दौरान कोविड काल में वैक्सीन टीकाकरण अभियान की जिम्मेदारी संभालने वाले पूर्व नोडल अफसर डॉ. अमर सिंह ठाकुर ने कहा कि वैक्सीन में अगर किसी तरह का साइड इफेक्ट होता, तो उसी दौरान नजर आता। एकाध मामले के आधार पर बड़ी आबादी को लेकर किसी तरह का अनुमान लगाना ठीक नहीं होता है।

### मतदान के लिए प्रेरित करने ली शपथ

**रायपुर।** नूतन स्कूल आरडीए कॉलोनी टिकरापारा के 40 दिवसीय समर कैंप में बड़ी संख्या में उपस्थित बच्चों और उनके अभिभावकों को 7 मई को मतदान मे भाग लेने के लिए परिवार, रिश्तेदारों और आस-पड़ोस को प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई गई। यह शपथ आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक श्री किन्हेंकर द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर लेखक किरण अवस्थी, शाला प्रमुख केएम अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. ममता पांडे, उपप्राचार्य सुनीता राय कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में नागरिक भी उपस्थित थे।

# एक डिग्री की उछाल के साथ 42.5 डिग्री पारा, गर्मी और झुलसाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- मतदान दिवस पर पानी की बोतल साथ रखने का सुझाव

चौबीस घंटे में एक डिग्री की उछाल के साथ रायपुर का तापमान 42.5 डिग्री तक पहुंचने की वजह से गर्मी तेज हो गई है। अगले दो दिन तक पारा चढ़ने के साथ गर्मी और बढ़ने की संभावना है। इसके बाद कुछ इलाकों में होने वाली बूंदाबांदी और छाने वाले बादल के प्रभाव से कुछ दिन राहत रहेगी, इसके बाद पारा फिर तेजी से ऊपर की ओर चढ़ता चला जाएगा।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों ने मई के पहले सप्ताह में गर्मी बढ़ने की संभावना जताई थी। तापमान में इसका असर दिखने लगा है। शुक्रवार की तुलना में शनिवार को प्रदेश के तापमान में एक से डेढ़ डिग्री तक की वृद्धि हुई है। मौसम वैज्ञानिक गायत्री कांची भोथला ने बताया कि 6 मई तक राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। खासकर रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में पारा 42 से 44 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं, इससे गर्म हवा के थपेड़े लोगों को झुलसा सकते हैं। 6 मई के बाद सक्रिय होने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के कुछ स्थानों खासकर बस्तर और मध्यक्षेत्र में 7 मई की शाम मेघ गर्जन होने के साथ तेज हवा और हल्की वर्षा हो सकती है।



### मतदान के दिन 44 के आसपास पारा

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि 7 मई को मध्य इलाके में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है। तेज गर्मी की वजह से इस दिन मतदाताओं के लिए मौसम विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। बुजुर्ग मतदाताओं को सुबह 10 या शाम 4 बजे के बाद मतदान करने जाएं। मतदान केंद्रों में भीड़ को देखते हुए हुए तरह ठंडे पेय का सेवन कर वहां पहुंचने कहा गया है। मतदान केंद्रों में लाइन लगने के दौरान बोतल में पानी रखने और लगातार सेवन करने की सलाह दी गई है।

# मरीन ड्राइव में ट्रॉय ट्रेन का क्रेज इंजन के साथ 3 डिब्बों वाली ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बिना पटरी के टायर लगे पहियों पर तेलीबांधा तालाब का लगा रही फेरा

राजधानी के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव पर इन दिनों ट्रॉय ट्रेन का क्रेज बढ़ा है। इंजन के साथ 3 आकर्षक डिब्बों वाली यह ट्रेन पटरी पर नहीं, बल्कि फुटपाथ पर टायर लगे पहिये पर फर्राटे भरती नजर आ रही है। एक बार में 30 बच्चे इसकी सवारी का आनंद उठा सकते हैं। समर वेकेशन को ध्यान में रखकर स्प्री वॉक की ओर से इसका संचालन कराया जा रहा है। नगर निगम द्वारा अनुबंधित ईसीएचटी कंपनी द्वारा तेलीबांधा सरोवर एरिया में 4 अलग-अलग जोन विकसित कर



शहरवासियों को रिक्रियेशन जोन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें फूडजोन, योग जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल, बच्चों के लिए सुंदर बगीचा विकसित किया गया है। इसके साथ सेल्फी पाइंट भी आगंतुकों के लिए बनाये गये हैं। हाल ही में बच्चों के मनोरंजन और सैरसपाटे के लिए ट्रॉय टेन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। स्प्री वॉक केजीएम कौशलेन्द्र कांत ने बताया, ट्रॉय ट्रेन बच्चों को तालाब के चारों ओर की सैर कराती है। सप्ताह के अंतिम दिनों में इसमें सबसे ज्यादा भीड़ रहती है। सामान्य दिनों में यह ट्रेन तालाब का चक्कर लगाते हुये 8 फेरा पूरी करती है।

# निजी स्कूल नहीं लगाएं गद्दा-तकिया खबर के बाद हरकत में जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खबर का असर

निजी स्कूलों को अब चुनाव में गद्दे-तकिए नहीं लगाने होंगे और ना ही उन्हें किसी तरह के जलपान की व्यवस्था करानी होगी। हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासन ने निजी स्कूलों को इसका आश्वासन दिया है। गौरतलब है कि 7 मई को रायपुर में होने जा रहे मतदान के लिए निजी स्कूलों में भी पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा इन स्कूलों को संदेश भेजकर कहा गया था कि वे मतदान कर्मियों के लिए गद्दे-तकिया सहित कूलर और जलपान की व्यवस्था करें। छोटे निजी स्कूलों ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए इसे लेकर असंतोष व्यक्त किया था।

अब इन स्कूलों में पोलिंग बूथ तो बनाए जाएंगे, लेकिन किसी तरह की अन्य व्यवस्था शाला प्रबंधन द्वारा नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन ही मतदाताओं के लिए पेयजल सहित मतदान कराने आए अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पूरी व्यवस्था करेगा। जिला प्रशासन द्वारा निजी स्कूलों को इसके लिए आश्वस्त किया गया है। इसके बाद प्राइवेट स्कूलों ने राहत की सांस ली है।

**आश्वासन मिला है**

हमें प्रशासन की ओर से आश्वासन मिला है कि किसी तरह की अन्य व्यवस्थाएं हमें नहीं करनी होगी। प्रशासन ही पूरी व्यवस्था करेगा।

- **राजीव गुप्ता,** अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन

# भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की अब तक 18 सभाएं, कांग्रेस की सिर्फ छह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की डेढ़ दर्जन से ज्यादा हो चुकी हैं सभाएं

लोकसभा चुनाव में प्रचार के मामले में भाजपा पूरी तरह से भारी रही है। तीसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार रविवार को थम जाएगा। एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की बीते एक माह से ज्यादा समय से सांस-सांय सभाएं हुई हैं। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं की करीब डेढ़ दर्जन से ज्यादा सभाएं हुई हैं। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की महज आधा दर्जन सभाएं ही हो सकी हैं। वैसे तीसरे चरण में कांग्रेस ने भी पूरी ताकत झोंकी और राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की भी कई सभाएं हुईं।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव तीन चरणों में हो रहे हैं। दो चरणों के चुनाव हो गए हैं। अब तीसरे चरण का चुनाव 7 मई को होना है। अंतिम चरण के चुनाव में प्रचार रविवार को थम जाएगा। इसके पहले भाजपा और कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने पर काम किया। सभाओं के मामले में भाजपा पूरी तरह से भारी रही है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के ज्यादा राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं हुईं।



### कांग्रेस की सभाएं

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रचारकों में जहां राहुल गांधी की दो सभाएं हुईं, वहीं सबसे ज्यादा तीन सभाएं राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की हुई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की एक सभा हुई है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक दर्जन सभाएं हुई हैं। प्रदेश के नेताओं में प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज की करीब दो दर्जन, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की राजनांदगांव के अलावा अन्य लोकसभाओं में डेढ़ दर्जन सभाएं हुईं हैं।

### साय की सभाएं सांय-सांय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सभाएं ही सांय-सांय हुई हैं। प्रदेश भाजपा संगठन ने उनकी हर विधानसभा में सभाएं कराने की रणनीति बनाई, सभी में तो सभाएं नहीं हो सकीं, लेकिन करीब 70 विधानसभाओं में उनकी सभाएं जरूर हुई है। पहले चरण के चुनाव में बस्तर से प्रारंभ हुई श्री साय की सभाएं लगातार चल रही हैं। दूसरे चरण की लोकसभाओं के साथ ही तीसरे चरण के लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं में लगातार सभाएं हो रही हैं। 5 मई को चुनाव प्रचार थमने से पहले उनकी कुछ सभाएं और होंगी।

# मतदान दल कल होंगे रवाना, सुरक्षा बलों की 202 कंपनियां तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होगा। 15 हजार से अधिक मतदान केंद्रों में होने वाले मतदान के लिए 6 मई को मतदान दलों को रवाना किया जाएगा। प्रदेश में शांति पूर्ण चुनाव कराने के लिए सीएएफ की 202 कंपनियों को तैनात किया गया है। इसमें सीआरपीएफ, आईटीबीपी जैसे अन्य सुरक्षाबल के जवान तैनात किए गए हैं। साथ ही जिला पुलिस बल के जवान भी तैनात किया जाएंगे। सात लोकसभा सीटों के लिए 1 करोड़ 39 लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। इस चरण में 18-19 वर्ष के 3 लाख 98 हजार युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। तीसरे चरण में रायपुर और बिलासपुर में तीन बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। इन दोनों लोकसभा में क्रमशः 38 और 37 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। तीसरे चरण में 15701 मतदान केंद्र हैं। इनमें 1072 संवेदनशील और 52 अति संवेदनशील हैं। निर्वाचन आयोग ने 7887 मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग कराएगी। यहां पर मतदान केंद्रों में दो-दो कैमरे से पूरी मतदान प्रक्रिया की निगरानी केंद्रीय चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा की जाएगी। तीसरे चरण में 15 हजार से अधिक कैमरा लगाए जाएंगे।

**जिलों से होगी रवानगी:** तीसरे चरण में 18 जिलों से मतदान दलों को मतदान केंद्रों में सोमवार को भेजा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों की निगरानी में सभी दलों को सुबह से रवाना करने का काम शुरू होगा।शाम तक सभी मतदान दल केंद्रों में पहुंचकर आवश्यक तैयारी करेंगे।

# खेती सिखाने के बाद ज्वेलरी डिजाइनिंग सेल्स जैसे कोर्स कराएगा तकनीकी विवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि अब छात्रों को ज्वेलरी डिजाइनिंग और मेडिकल सेल्स प्रतिनिधि जैसे कोर्स भी कराएगा। सीएसवीटीयू ने अपने अध्ययनशाला में इन कोर्स की शुरुआत की थी। इसमें व्यावसायिक कृषि जैसे पाठ्यक्रम शामिल थे। इसे छात्रों का अच्छा प्रतिसाद मिला था। इसे देखते हुए सीएसवीटीयू ने अन्य जिलों में भी इस तरह के कोर्स की शुरुआत की है। इसमें कृषि के अलावा अन्य कोर्स भी जोड़े गए हैं। भिलाई स्थित सीएसवीटीयू कैंपस के अलावा रायपुर के महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बिलासपुर के शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में भी इसका संचालन होगा।

इसके लिए कोर्स के आधार पर प्रभारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है। विवि ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। रायपुर के सेंटर में संचालित पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 1 से 25 मई तक आवेदन मांगे गए हैं।

### 30 दिनों की कक्षाएं

रायपुर के सेंटर में संचालित सभी 10 पाठ्यक्रमों की अवधि 30 दिनों की है। रोजाना 2 घंटे की कक्षाएं लगेंगी। इसके लिए 3 हजार रुपए फीस निर्धारित की गई है। ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स की प्रभारी डॉ.ममता चांडक ने बताया, रायपुर में पहली बार सीएसवीटीयू इस तरह की कक्षाओं का संचालन कर रहा है। यह एडिशनल कोर्स है, जो छात्रों का कौशल बढ़ाने के लिए शुरू किया गया है। अन्य कोर्स में टेली विथ जीएसटी, पायथॉन प्रोग्रामिंग, सी लैंग्वेज, कोर जावा फंडामेंटल्स जैसे कोर्स शामिल हैं।

# बैल, भैंसा और ऊंट से दोपहर 12 से 3 बजे तक काम लेना है अवैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे की अवधि में बैल, भैंसा, ऊंट, खच्चर, गधा एवं टट्टू से वजन खींचना और वजन ढोने का काम नहीं लिया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड का यह सख्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। भीषण गर्मी, तेज धूप 40 डिग्री सेल्सियस के करीब जा पहुंचा तापमान, अब पालतू एवं घुमंतू मवेशियों पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है। ऐसे पशु, जिनसे वजन खींचना या ढोने के काम लिए जाते हैं, उन पर चढ़ता पारा नुकसान की वजह बन सकता है। लिहाजा प्रतिबंध का फैसला लिया जा चुका है। पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब ही है। तेज धूप और गर्म हवाएं, दोपहर में मवेशियों को नुकसान पहुंचा सकती है। यह नुकसान डिहाइड्रेशन और लू के रूप में देखा जा सकता है। इसलिए, सलाह दी जा रही है कि प्रतिबंध की अवधि में मवेशियों के लिए छायादार जगह की व्यवस्था करें। साथ ही भरपूर मात्रा में चारा एवं पानी उपलब्ध करवाएं। प्रतिकूल प्रभाव से बचाने की यह व्यवस्था हर हाल में मवेशी मालिकों को करना होगा।

### प्रतिबंध अवधि में

राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड का यह आदेश बैल, भैंस, ऊंट, खच्चर, गधा और टट्टू के द्वारा वजन खींचना और वजन ढोने जैसे कार्य पर सख्ती से प्रभावी होगा। आदेश के मुताबिक 1 मई से 30 जून की अवधि में दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे के बीच इस आदेश का पालन मवेशी मालिकों को अनिवार्य रूप से करना होगा। जांच में नियमों का उल्लंघन होना पाया गया, तो पशु क्रूरता निवारण एवं कृषि पशुओं पर क्रूरता निवारण अधिनियम 1965 के तहत 6 (3) के तहत कार्रवाई की जाएगी।



### यह होंगे जांच अधिकारी-

मुख्यालय ने उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, अनुविभागीय अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत के अलावा स्थानीय निकाय के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जारी आदेश का परिपालन एवं जांच की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### शराब की अवैध बिक्री के 2 मामले

महासमुंद। पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के 2 मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पहले मामले में बसना पुलिस ने ग्राम खुसरूपाली के धनेश्वर बारिक पिता कुसो बारिक (26) के सामने से अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे 3000 एमएल महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त किया है। वहीं पिथौरा पुलिस ने रानीसागर पारा में आरोपी गितेश कुशवाहा पिता बिरजू कुशवाहा (30) के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### ट्रक ने स्कूटी को मारी ठोकर

**महासमुंद।** नेशनल हाइवे 353 में झालखम्हरिया के अभिनंदन राइस मिल के सामने अज्ञात ट्रक के चालक ने स्कूटी को ठोकर मार दिया। महासमुंद पुलिस को प्रार्थी इंद्रजीत दीवान पिता ईश्वर प्रसाद (29) निवासी जामली थाना खल्लारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### ट्रक की ठोकर से बाइक सवार 3 लोग घायल एंबुलेंस नहीं मिली, सड़क पर तड़पते रहे



**सरायपाली।** शहर के मुख्य मार्ग पर शीतला माता मंदिर के पास एक ट्रक की ठोकर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। समय पर एंबुलेंस सेवा नहीं मिल पाने की वजह से लगभग आधे घंटे पर वे सड़क पर तड़पते रहे, आखिरकार एक निजी एंबुलेंस से उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी अनुसार सूरज चौहान 21 वर्ष, राजेश 19 वर्ष एवं हीराधर 20 वर्ष तीनों निवासी ग्राम आंवलाचक्का किसी कार्य से एक मोटरसायकल में सरायपाली आए हुए थे। इसी दौरान दोपहर लगभग 12 बजे शहर के महलपारा स्थित शीतला माता मंदिर के पास एक ट्रक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके बाइक को ठोकर मार दी। इससे तीनों बाइक सवार गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। स्थानीय लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस वाहन को फोन किया गया, लेकिन किसी मरीज को लेकर महासमुंद जाने के कारण एंबुलेंस वाहन उपलब्ध नहीं हो पाया। इस बीच लगभग आधे घंटे तक वे घायल अवस्था में ही सड़क के किनारे तड़पते रहे। आखिरकार एक निजी एंबुलेंस से उन्हें शासकीय अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रिफर किया गया है। इस संबंध में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ वीएके कोसरिया से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि ट्रक की ठोकर से घायल तीनों बाइक सवारों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। उन्हें गंभीर चोटें आई थी, जिसके कारण आगे के इलाज हेतु उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। शहर में लगातार भारी माल वाहक वाहनों के आने-जाने के कारण हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसे देखते हुए आमजनों सहित शहर के अनेक नागरिकों द्वारा पुलिस व प्रशासन से शहर के भीतर भारी वाहनों के आने पर रोक लगाने की मांग की जाती रही है। इसके बावजूद इन वाहनों पर रोक नहीं लगने के कारण शहर के भीतर दुर्घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है।

### गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है

# भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से लोग हैं परेशान, तापमान 42 डिग्री पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

वनांचल क्षेत्र में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है।

जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इस स्थिति को लूं लगना या हीट स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान क्षेत्र में अभी ग्रामीणों द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थ लेकर नहीं चलते और खाली पेट के कारण निर्जलीकरण के शिकार भी हो जातें हैं। जिससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। रसेला



के डॉ राहुल नेताम मेडिकल आफिसर ने बताया कि जिला अस्पताल सहित समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के संस्था प्रभारियों को लूं से बचाव एवं उपचार हेतु स्वास्थ्य जागरूकता एवं प्रचार प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर ओआरएस न हो तो घर पर ही एक गिलास पानी में एक चम्मच शक्कर व एक चुटकी नमक मिलाकर जीवन रक्षक घोल तैयार किया जा सकता है। गांव में मितानिनों या डिपो होल्डर के पास ओआरएस और दवाइयां लेकर निकट के स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक के पास जाकर मरीज को भर्ती कर उपचार कराना चाहिए। लूं लगने के ये लक्षण बताए गए, सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना। अधिक प्यास लगना भूख न लगना बेहोश होना। क्या करें गर्मी में लूं से बचने के लिए। पानी पीये भले ही प्यास न लगे, अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल घर के बने पेय जैसे लस्सी, नींबू का पानी, छांछ आदि का सेवन करें। बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठंडे की पट्टी लगाएं, कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लेटाये, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे, पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में ले जायें। आंगनबाड़ी, मितानिन तथा एएनएम से ओआरएस की पैकेट के लिए संपर्क करें।

# समर कैम्प में बच्चे सीख रहे हैं रंगोली मेहंदी, योगा, खेलकूद, इमला लेखन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में बच्चों के लिये समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 1 मई से 15 मई तक प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक दिन 2 घंटे के समर कैम्प में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट, मिट्टी के खिलौने बनाना, डांस, म्यूजिक, रंगोली, मेहंदी, योगा, खेलकूद, इमला लेखन, स्पोकन इंग्लिश, ड्राइंग और पेंटिंग तथा फायरलेश कुकिंग जैसे गतिविधियों को सिखाया जा रहा। उक्त समर कैंप का आयोजन सेजेस छुरा के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा के दिशानिर्देश के अनुसार लगातार 3 वर्षों से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान किया जा रहा है। इस समर कैंप में विद्यार्थी बढ़चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं और अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हैं। इस तरह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अन्य बौद्धिक गतिविधियों पर भी ध्यान दिया जाता है।

# हमर क्लिनिक का विस्तार सालभर से अटका, भवन ही तैयार नहीं

**महासमुंद।** प्रदेश के पूर्ववर्ती सरकार द्वारा शुरू किए गए हमर क्लीनिक के विस्तार का कार्य धीमी गति से चल रही है। बीते कई महीनों से बताया जा रहा है कि फिनिशिंग का कार्य बाकी है। लेकिन, फिनिशिंग का कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है। इसलिए, एनआरएचएम हैंडओवर भी नहीं कर पा रहा। इसके चलते मामूली समस्या के लिए भी लोगों को शहर से दो किमी दूर जिला अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ रहीं। इससे लोगो के समय के साथ ही जाने आने के लिए अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रहीं है। बता दें कि पूववर्ती सरकार द्वारा मोहल्ले में ही स्वास्थ्य जांच की सेवा उपलब्ध कराने के लिए जिला मुख्यालय में चार जगहों पर हमर क्लीनिक शहरी हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर खोला गया है, जो फिलहाल एक कमरे में संचालित किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर महिला एवं बच्चों का सिर्फ टीकाकरण किया जा रहा। अब इसका विस्तार किया जा रहा है। हमर क्लीनिक का नाम बदलकर शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कर दिया गया है।



# पीला चावल देकर मतदान करने की अपील

**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय एवं शासकीय कुलेश्वर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वार्ड नंबर 2 के घरो में पीला चांवल लेकर 7 मई को वोट डालने क लिए आग्रह करने छात्र-छात्राएं पहुंचे। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉक्टर आरके रजक के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का यह अभियान ग्राम कुर्रा से शुरू कर पिपरौद, डोगीतराई हंसदा नंबर 2 के बाद नवापारा शहर पहुंचा था। इस अभियान में प्रो एसआर बडडे, साक्षी ठाकुर, लुकेश्वरी, मानसी साहू, तेजस्वरी, इंदु, ओमकुमारी, कविता, आरती साहू सहित अनेकों छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# बरोण्डा, परतेवा में मानसगान सम्मेलन के समापन पर उमड़ी श्रोताओं की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



ग्राम बरोण्डा एवं परतेवा में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का रविवार को समापन हुआ। इस मानसगान सम्मेलन में प्रतिदिन 7-7 ख्याति प्राप्त मंडलियो द्वारा कार्यक्रम में मानसगान की प्रस्तुति दी गई। रामायण सुनने आसपास के गांवों से भी लोग पहुंचते रहे। आयोजक समिति द्वारा सभी के लिये भोजन प्रसादी का भी व्यवस्था किया गया। मंच संचालन गजानंद साहू, रामदयाल साहू एवं खेलावन साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति व ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# नीट परीक्षा में 1079 परीक्षार्थियों में 30 रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) 2024 का आयोजन रविवार को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 बजे तक किया गया। उक्त परीक्षा में जिले में इस वर्ष 1079 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए थे, जिसमें 30 अनुपस्थित रहें और 1049 ने परीक्षा दिलाई। नकल के एक भी प्रकरण दर्ज नहीं किए गए। नीट परीक्षा जिला मुख्यालय में



निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल पिटियाझर रोड, गुड शेफर्ड स्कूल अयोध्या नगर, वेडनर मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल एफसीआई रोड और महर्षि विद्यालय में आयोजित किए गए। साथ ही परीक्षा के सुचारू व निर्विघ्न रूप से संचालन के लिए प्रवेश पत्र तथा उत्तर सीट में दिए गए फोटो एवं हस्ताक्षर के सूक्ष्म मिलन के लिए तीन सदस्यीय उड़नदस्ता नियुक्त किया है। नीट में भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के विषयों से कुल 200 वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए। इनमें से 180 प्रश्नों को उत्तर दिया जाना था। परीक्षार्थियों ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को सरल बताया। वहीं, भौतिकी के प्रश्नों में उलझन ज्यादा रहा।

# फिंगेश्वर के नेता बृजमोहन के प्रचार में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार तेज गति से चल रही है। अंतिम दिनों में लोकसभा क्षेत्र रायपुर के प्रत्याशी भाजपा के वरिष्ठ एवं लोकप्रिय तथा गद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल का चुनाव प्रचार कार्यक्रम एवं बड़ी चुनावी रैली का आयोजन अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अभनपुर से लेकर नवापारा नगर तक किया गया।



प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के साथ रैली में जिला गरियाबंद के वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, वरिष्ठ नेता रामू राम साहू मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, युवा नेता प्रेमलाल टोडर, वैभव सोनी सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित होकर रैली में भाग लेते हुए बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में मतदान तथा भाजपा को जिताने के लिए प्रचार किया।

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक |
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

पुण्यतिथि
श्रीरामलाल साहू भगत जी की 17वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सादर नमन कर श्रध्दा सुमन अर्पित करते हैं...



स्व. श्रीरामलाल साहू जी
स्वर्गवास : 06-05-2007
::: विनीत :::
श्रीमती जानकी देवी साहू (पत्नी), राजाराम साहू (पुत्र), बाजेलाल साहू (पुत्र), बसंत कुमार साहू (पुत्र), शीत कुमार साहू (पुत्र), सुंदर साहू (पुत्र), बिसाहू राम साहू(पुत्र), टुकेश्वर साहू, संजू साहू, दीपक साहू, पोषण साहू, रुद्र साहू, सूर्या साहू, शिवा साहू, ग्राम-खिसोरा-पाण्डुका एवं समस्त भगत परिवार।
::: संबंधित फर्म :::
श्रीराम ट्रेडर्स कृषि सेवा केन्द्र चारोधाम चौक पाण्डुका, मो. 9755175070
श्रीराम ट्रेडर्स कृषि सेवा केन्द्र बस स्टैण्ड कुरूद, मो. 9111151568
श्रीराम बीज भंडार खिसोरा, मो. 7000480787, श्रीराम जानकी कृषि केन्द्र पाण्डुका, मो. 9993685119
तुकेश किराना स्टोर्स आसरा, मो. 9685347670, बाबू भगत ट्रेवल्स, मो. 9617652520
अनाज थोक, चिल्हर क्रेता-विक्रेता, मो. 9669856071

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### मतदान दलों के लिए बसों की व्यवस्था की

**अभनपुर।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर्मचारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा बसों का इंतजाम किया गया है। जनपद सीईओ राजेंद्र पाण्डेय ने इस संबंध में बताया कि मतदान कर्मचारियों की सुविधा के लिए नयापारा थाना में 2 बस व अभनपुर बस स्टैंड में 2 बसों की व्यवस्था की गई है। जो की सुबह 6 बजे से कर्मचारियों को सेजबहार सामग्री वितरण केन्द्र तक ले जाने और वापस लाने का कार्य करेगी।

### शराब पिलाने की सुविधा देने वाले पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने राजा ढाबा के सामने ग्राम झलप में शराब पिलाने की सुविधा दे रहे आरोपी मोहन अग्रवाल पिता देवदत्त अग्रवाल (50) निवासी श्यामनगर झलप के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### महिला की मौत

**महासमुंद।** दुर्घटना में घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। बसना पुलिस ने बताया कि पूर्णिमा जाटवार पिता गेसराम (27) निवासी तरेकेला एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बसना में दाखिल कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जागरुकता अभियान का असर नहीं नालियों से निकल रहा प्लास्टिक



महासमुंद। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा कलेक्शन के लिए घरों के चौखट तक पहुंचने के बावजूद जागरूकता अभियान शहर में बेअसर साबित हो रहा है। नगरपालिका द्वारा घरों से निकलने वाले प्लास्टिक कचरों को नालियों के बजाए पास के कूड़े दान में डालने की अपील की जाती रहीं है। लेकिन, शहरवासियों में अभी सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। जबकि, नालियों के कचरों से जाम होने से बरसात के दिनों में उन्हें ही गंदगी का सामना करना पड़ता है। आखिरकार, गंदगी से निपटने का दायित्व नगरपालिका के साथ ही आम जनों का भी है। लेकिन, सारा दोष नगरपालिका पर थोप दिया जाता है।

### साल्हेभांठा जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम साल्हेभांठा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद और मारपीट होने का मामला सामने आया है। पुलिस दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थिया बीना नेताम पति कृष्ण नेताम (34) निवासी साल्हेभांठा ने अपनी शिकायत में बताया कि मैं गांव की महिलाओं के साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई कर संग्रहण करती हूं। 2 मई को गांव की महिलाएं सविता नेताम, मोहनी नेताम, चैती बाई, उगेश्वरी एवं अन्य महिलाओं के साथ तेंदूपत्ता तोड़ाई कर रही थी। इस दौरान तेंदूपत्ता मुंशी गुलजार नेताम भी चेक करने आए थे। उसी समय शेर गांव की इंदिरा साहू और एक अन्य महिला बिना अनुमति के तेंदूपत्ता तोड़ रहे थे, जिन्हें फड़ मुंशी गुलजार नेताम ने कहा साल्हेभाठा जंगल में और अन्य गांव के किसी व्यक्ति को तेंदूपत्ता तोड़ने, संग्रहण करने का अधिकार नहीं है। जिस पर आरोपी इंदिरा साहू हम लोगों को क्यों अधिकार नहीं कहकर गाली गलौज करने लगी, तब मैंने इंदिरा साहू को समझाने का प्रयास किया तो, आरोपी ने मुझे तुम कौन होती हो मना करने वाली कहते हुए कहकर मारपीट करने लगी। जिसे देख मेरे साथ आई महिलाएं बीच बचाव करने लगी तो उनके साथ भी झूमाझटकी करने के बाद जान से मार दूंगी कहकर वहां से चली गई। प्रार्थिया ने बताया कि आरोपी द्वारा मारपीट करने से मेरे चेहरे, गाल में दोनों तरफ चोट लगी है। पुलिस रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# वैक्सीन ने महामारी के प्रकोप में 80 से 90 प्रतिशत तक कमी आई : डॉक्टर तेजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा शासकीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तेजेंद्र साहू ने हरिभूमि को बताया कि दुनिया भर में कोविड की सभी वैक्सीन को मंजूरी महामारी जैसे मुश्किल वक्त के मानदंडों के आधार पर दी गई थी। हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि जब महामारी फैली तो इसके दायरे में आने वाली प्रति दस लाख आबादी में से 15 हजार पर जान का खतरा था। ऐसे में इस आबादी को वैक्सीन देकर महामारी की घातकता 80 से 90% तक घटाई गई। ऐसे में दुष्प्रभाव के मुकाबले लाभ अधिक थे। रोग प्रतिरोधी क्षमता दो तरह से विकसित होनी थी। एक टीके से और दूसरी संक्रमित होने पर कुदरती तौर पर। कुदरती तरीके में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं होती। श्री साहू ने बताया कि देश में लगभग 100 प्रतिशत टीकाकरण हो गया। वहीं, एक बड़ी आबादी को नेचुरल वैक्सीनेशन होने से कोरोना आम जुकाम बन गया। जापान या चीन जैसे देशों में नैचुरल वैक्सीनेशन नहीं हुआ, क्योंकि वहां टीकों से ही प्रतिरोधी क्षमता विकसित की गई। वहां आज भी जोखिम कम नहीं हुआ है। भारत में भी जोखिम है लेकिन घातकता कम है। अच्छी बात है कि दुष्प्रभाव की घातकता समय के साथ कम होती जाती है। कुछ मामलों में साइड इफेक्ट चिंता की बात नहीं है, क्योंकि यह बहुत दुर्लभ मामलों में हो सकता है। भारत में कोविड वैक्सीन के कारण जान जाने का अभी कोई मामला नहीं आया है।

**कुदरती तरीके में दुष्प्रभाव की गुंजाइश नहीं**



**वैक्सीन के साइड इफेक्ट 6 माह में सामने आ जाते हैं**

अमेरिकन सोसाइटी ऑफ हेमेटोलॉजी के पब्लिकेशन के अनुसार वैक्सीन से साइड इफेक्ट का खतरा 10 लाख लोगों से 3 से 15 को ही होता है। इनमें भी 90 प्रतिशत ठीक हो जाते हैं। इसमें मौत की आशंका सिर्फ 0.0001 प्रतिशत ही है। यानी 10 लाख में 13 को साइड इफेक्ट है, तो इनमें से जानलेवा रिस्क सिर्फ एक को होगी। जिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) के चलते खून का थक्का जमता है, इसके केस कोविड वैक्सीन लगने के पहले भी आ रहे थे। जो कोविड पेशेंट भर्ती हुए, उनकी जांच में ब्लड थिन होनेया क्लॉट बनने की बात सामने आई थी। इसलिए यह नहीं कह सकते कि कोविशील्ड के कारण ऐसा हुआ। हालांकि अब डरने की जरूरत नहीं है, क्योंकि किसी भी वैक्सीन के साइड इफेक्ट 6 महीने में दिख जाते हैं, लेकिन अब दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है, ऐसे में किसी जान लेवा रिस्क होने के चांस कम हैं। रही बात खून पतला होने या टीटीएस के मामलों की तो यह समस्या पोस्ट कोविड इफेक्ट हो सकती है, न कि पोस्ट वैक्सीनेशन, क्योंकि कोविड में शरीर के कई हिस्से प्रभावित हुए थे। वैक्सीन ने सिर्फ संक्रमण का प्रभाव कम किया था, लेकिन डोज लगने के पहले वायरस से जो अंग डैमेज हो चुके थे, वो वैसे ही हैं।

## मैनपुर ब्लॉक का एक मात्र पैरी स्टेडियम में सुविधाओं का अभाव

# डीएमएफ मद से स्टेडियम में लाखों खर्च कर लगाई हाईमास्ट लाइट, नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर भाठीगढ पैरी मिनी स्टेडियम में मैनपुर प्रीमियर लीग द्वारा 10 मई से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है, मैनपुर में प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51 हजार द्वितीय पुरस्कार 25 हजार एवं कई आकर्षक पुरस्कार रखे गये हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं एवं खिलाडियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, ज्ञात हो कि तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किलोमीटर दूर क्षेत्र के एक मात्र पैरी मिनी स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है और इस पैरी स्टेडियम में रात में भी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हो सके इसलिए सरकार द्वारा डीएमएफ मद से लगभग 08 माह पूर्व लाखों रूपये खर्च कर स्टेडियम के चारो तरफ बडे- बडे हाईमास्क लाईट लगाया है लेकिन इस हाईमास्क लाईट को अब तक प्रारंभ नहीं किया गया है, जानकारी के अनुसार हाईमास्क लाईट लगाने का कार्य कागज में पूर्ण बता दिया गया है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि अब तक बिजली के पूरे उपकरण भी नहीं लगे है और तो और इस हाईमास्क लाईट को प्रारंभ करने के लिए ट्रासफार्मर भी नहीं लगाया गया है।

- क्षेत्र के खिलाड़ी 8 मई को रायपुर पहुंचकर हाईमास्ट लाईट भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे

जिससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में भारी नराजगी देखने को मिल रही है, सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाईमास्क लाईट लगाने स्टेडियम में लगाने के नाम पर लाखों के भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। कई बार क्षेत्र के लोगों ने लाईट को प्रारंभ करवाने की मांग कर थक चुके हैं लेकिन इस ओर संबधित विभाग और जिम्मेदार अफसरों द्वारा ध्यान नहीं देने से रविवार को मैनपुर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया है कि यदि 7 मई तक स्टेडियम में लगे लाईट को प्रारंभ नहीं करवाया गया तो मैनपुर क्षेत्र से बडी संख्या में युवा खिलाड़ी 8 मई को रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा से मुलाकात कर मामले की शिकायत करेंगे और जांच की मांग करने का निर्णय लिया है।

**3 किलो वॉट से ज्यादा भार क्षमता की बिजली की जरूरत**

सभी कार्य के लिए 15 मई से 25 मई 2023 के बीच वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया था, कंपनियों ने अक्टूबर माह में काम खत्म कर ट्रायल भी पूरी कर ली, हाई मास्क लाइट को जलाने 3 किलो वॉट से ज्यादा भार क्षमता की बिजली चाहिए, जिसके लिए सभी जगह एक- एक ट्रांसफार्मर की जरूरत है, लेकिन इसके अभाव में स्टेडियम के हाई मास्क का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

**डेढ़ गुना बड़ा प्राक्कलन बनाया, बिजली व्यवस्था नहीं :** अनुमान और किए गए काम को देखते हुए डेढ़ गुना बड़ा स्टीमेट बनने की संभावना है, टेंडर जारी करने वाली क्रियान्वयन एजेंसी में 12 से 15 प्रतिशत विलो का उपयोग किया गया है, कार्य के प्राक्कलन में सबसे महत्वपूर्ण बात ट्रांसफार्मर थी, जिसका स्वीकृति प्राक्कलन में जिक्र तक नहीं किया गया। बिजली का खर्च कैसे चलेगा इसका कोई जिक्र नहीं है, अधिकारी बदले तो काम की गुणवत्ता भी देखी गईं।

**3 करोड़ खर्च, लेकिन लाइट नहीं**

मिली जानकारी के अनुसार गरियाबंद जिले में हाई मास्ट लाइट लगाने डीएमएफ से करीब 3 करोड़ खर्च कर दिए गए। इसमें 5 मिनी स्टेडियम में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हुआ है, हैरानी की बात ये है कि 08 महीने बाद भी अब तक इनमें बिजली कनेक्शन है, सभी हाई मास्ट लाइट बंद पड़े हैं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में मिले डीएमएफ फंड का ज्यादातर उपयोग सरकारी और उपयोगी संस्थानों को चकाचौंध करने में खर्च किया गया, देवभोग के अलावा मैनपुर, गरियाबंद, छुरा के मिनि स्टेडियम में 40-40 लाख का बजट हाई मास्ट लाइट के लिए खर्च का प्रावधान किया गया, काम कराने का जिम्मा अलग -अलग संस्थानों को सौंपा गया। लेकिन वर्क ऑर्डर राजधानी के सत्तासीन नेता और तत्कालीन अफसरों के ईद गिर्द रहने वाले चहते ठेकेदारों को टेंडर मिला।

# पूजा कर माटी जात्रा का शुभारंभ
## किसानों ने बोआई के लिए बीज निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत जांगड़ा कूरुभांठा में रविवार को माटी देव घर में माटी जात्र, पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र भर के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

हर वर्ष कृषि कार्य के प्रारंभ होने से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में परम्परानुसार जात्र पर्व मनाया जाता है, और माटी जात्र कार्यक्रम में माटी महतारी की पूजा अर्चना कर जात्र के दिन किसान धान की बावाई के लिए बीज निकालते है, माटी जात्र कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आदिवासी संस्कृति के जानकार टीकम नागवंशी ने बताया यह जात्र कार्यक्रम मूल निवासियों के ग्रामों में प्रति वर्ष गांव -गांव में माटी जात्र कार्यक्रम जोर शोर से मनाया जाता है। माटी जात्र मनाने का परंम्परा पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही हैं, वहीं मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्रों के ग्रामों में इन दिनों माटी जात्र कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पूरे ग्रामवासी एक जगह एकत्र होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और अच्छी फसल की कामना करते है, आज माटी जात्र कार्यक्रम में प्रमुख रूप से झांकर छबिलाल नेताम, पुजारी रमेश नेताम, सुवारी गणेश नेताम, समाज प्रमुख टीकम नागवंशी, फडीन्द्र ठाकुर, चमार यादव, नन्हे नेताम, बिसाहू यादव, दुबे नायक, सोधन नागेश, चौन सिंह नागवंशी, जय राम नागेश, सिरहा दुर्जन नेताम सहित क्षेत्र भर के सैकड़ों सगा समाज शामिल रहे।

## लीलाराम के परिवार को ग्रामीणों ने किया सहयोग



**नवापारा-राजिम।** भेण्डरी के गरीब किसान परिवार के नौजवान बेटा लीलाराम के दुखद निधन पर ग्राम के सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कोमल सिन्हा सहित अनेको लोगों ने सहयोग करते हुए तत्काल उन्हें 10 हजार रुपए एवं दो कट्टा चावल देकर राहत प्रदान किया।

# कांग्रेसी केवल खानापूर्ति के लिए कर रहे हैं चुनाव प्रचार : किशोर देवांगन



**नवापारा-राजिम।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन लगातार सक्रिय हैं। पूरे क्षेत्र में अपने टीम के साथ डटे हुए हैं। एक-एक गांव के एक-एक गलियो के हर घरो में पहुंचकर भाजपा सरकार की योजनाओं को बताते हुए नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने, रायपुर लोकसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में मतदान करने मातृशक्तियों, युवाओं व हर वर्ग के लोगों से आग्रह कर रहे हैं। इसके अलावा श्री देवांगन भाजपा मंडल, नवापारा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बुथों में लगातार जाकर पदाधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात कर, उनके साथ श्री अग्रवाल को जीत दिलाने आवश्यक चर्चा कर रहे हैं। श्री देवांगन ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि हर किसी के साथ-साथ कांग्रेसी भी इस बात को भलीभांति जानते हैं कि बृजमोहन भैया का जीतना तय है। यहीं वजह है कि हताश कांग्रेसी केवल खानापूर्ति के लिए अनमने ढंग से प्रचार कर रहे हैं जबकि हम सभी बृजमोहन को देश के सबसे बड़ी जीत दिलाने का संकल्प लेकर प्रचार कर रहे हैं।

# कांग्रेस प्रत्याशी विकास के रोड शो का जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



चुनाव प्रचार थमने के पहले आखिरी दिवस रविवार को नवापारा शहर में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय का रोड शो शहर में निकला। यह रोड शो पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक से सुभाष चौक, साहूगुड़ी, कुम्हार हटरी, चांदी चौक, नेहरू गार्डन से होते हुए पंजवानी चौक, मंडी मार्ग में हुआ।

खुली गाड़ी में प्रत्याशी श्री उपाध्याय एवं पूर्व विधायक धनेंद्र साहू, नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष धनराज मध्यानी, सभापति संध्या राव सहित कई कांग्रेस नेता सवार थे। रास्ते भर श्री उपाध्याय एवं श्री साहू का फुलो की पंखुड़ियो से लोगों ने स्वागत किया। इस रोड शो में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, पूर्व पार्षद रामा यादव, नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, अजय कोचर, अजय साहू, अनूप खरे, हेमंत साहनी, अर्जुन साहू, फागू देवांगन, राजा चावला, राकेश सोनकर, रमेश तिवारी, रामरतन निषाद, मुरली राजपूत, अतुल ठाकुर, राजू सोनी, अजय गाड़ा, सुशील बोथरा, शाहिद रजा, मनीष शाह, तरुण कंसारी, दीपाली राजपूत, टीकम यादव, रोशन साहू, गौतम निषाद, बीरबल राजपूत, विकी साहू, लक्ष्मी निषाद, मानसिंह ध्रुव, प्रतीक साहू, गुड्डु मिश्रा, वीरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

**वरुण मुद्रा शरीर के जल तत्व के संतुलन को बनाए रखती है**

# भीषण गर्मी से शरीर में ठंडकता बनाए रखने के लिए प्राणायाम करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला





गर्मी में ठंडक का अहसास जरूरी है अन्यथा तेज धूप से हमारी त्वचा सुखी और चेहरा मुरझाया सा लगेगा। पानी की कमी से जहां गला व होंठ सूखने लगता है वहीं पानी व नमक की कमी होने से डी हाइड्रेशन भी हो सकता है। इस सबके कारण बेचौनी, घबराहट, सुस्तपन और उल्टी- दस्त आदि गर्मी से संबंधित रोग हैं। तो इससे बचने के लिए रसेला क्षेत्र के योग शिक्षक शंकर यदु और मिथलेश सिंह ने योगा टिप्स दिए और बताया की शीतली और शीतकारी प्राणायाम आपके शरीर को ठंडा बनाए रखने में सक्षम है। आप इसे कभी भी, कहीं भी कर सकते हैं। बस ध्यान रखें कि जहां भी कर रहे हैं वहां की वायु शुद्ध हो। इससे शरीर में भरपूर ऑक्सीजन का संचार होगा। फेफड़े और पेट में किसी भी प्रकार की गर्मी नहीं रहेगी। शीतली इसमें मुख खोलकर जुबान की नाली बनाकर नाली के द्वारा श्वास धीरे-धीरे लय में अंदर खींचे फिर मुख बंद कर कुछ देर तक श्वास अंदर रोके रखने के बाद नाक से निकाल दें। इसे आठ या दस बार करें। इससे शरीर में ठंडक बढ़ती है। शीतकारी में दांतों को भींचकर होंठों से श्वास खींचें। कुछ देर तक रोके रखने के बाद नाक से निकाल दें। इसे भी आठ से दस बार करें और तेज गर्मी में भी भरपूर ठंडक का मजा लें। मुद्रा का लाभ लें गर्मी में आमतौर पर सुस्तपन छा जाता है। ऐसे में शून्य, वायु और वरुण मुद्रा गर्मी में लाभदायक है। शून्य मुद्रा आपके शरीर के सुस्तपन को कम कर स्फूर्ति जगाती है। वरुण मुद्रा शरीर के जल तत्व के संतुलन को बनाए रखती है और वायु मुद्रा एसिडिटी, दर्द, दस्त, कब्ज, अम्लता आदि को दूर करती है। चेहरे की चमक रू ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से विषैले पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाते हैं और गरमाहट भी छँट जाती है। त्वचा पर रूखापन भी नहीं रहता। अंग संचालन के अंतर्गत आने वाले मुँह के व्यायाम करें। वैसे तो अंग संचालय या सूक्ष्म व्यायाम ही गर्मी के लिए अति उत्तम हैं, फिर भी आप ताड़ासन, कटि चक्रासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, हलासन, ब्रह्म मुद्रा और पद्मासन कर सकते हैं।

